Regarding starting of Chhitauni Tamkuhi Rail Project

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) : माननीय अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से, मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान उस महत्वपूर्ण रेल परियोजना की तरफ दिलाना चाहता हूँ, जो आज से लगभग डेढ़ दशक पहले बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती लोगों की आवश्यकता को देखते हुए छितौनी-तमकुही रेल परियोजना शुरू की गई थी । सात-आठ साल के अन्दर पटरी बिछाकर और छितौनी का एक नया रेलवे स्टेशन बनाकर वह परियोजना बंद हो गई थी । पिछले वर्ष लोगों की भारी मांग पर माननीय रेल मंत्री जी के निर्देश पर रेलवे बोर्ड ने फरवरी माह में इस बंद पड़ी परियोजना को डी-फ्रीज़ करते हुए, गोरखपुर रेल महाप्रबंधक से इसका नया डीपीआर मांगा । 5 महीने से इस लंबित परियोजना की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए, मैं माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों की आवश्यकता को पूरा कराने के लिए इस अति महत्वपूर्ण बंद पड़ी परियोजना को पुन: शुरू करायी जाए ।

धन्यवाद ।